प्रतिवेदन

दिनांक 19-10-2019

<u>मधुर व्यवहार सफलता की प्रथम सीढ़ी</u>

दिल्ली पब्लिक स्कूल मारुति कुंज के प्रांगण में बस कंडक्टर और आया की व्यवहार कुशलता में वृद्धि हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमान अखिलेश चंद्र चतुर्वेदी जी की दूरदर्शिता एवं समय के साथ अपने विद्यालय की पहचान को ऊँचाइयों के शिखर तक ले जाने के ही प्रयासों में एक थी यह कार्यशाला। कार्यशाला प्रभारी थीं डॉ. विजय लक्ष्मी कुलहरी। इस कार्यशाला में बस स्टाफ को बच्चों तथा उनके माता-पिता के साथ दैनिक रूप से अभिवादन, वार्तालाप तथा संपर्क में माधुर्य और शालीनता के साथ संयम पूर्वक व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया। बस सहायकों को बस में व्यवस्था को बनाए रखने, विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श नागरिक रूप को प्रस्तुत करने और विद्यालय के विकास में सहायक बनने की प्रेरणा दी गई। यह कार्यशाला बातचीत ,पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन और प्रश्नोत्तरों के माध्यम से संपन्न की गई।

BACK